financing development in such countries. India is naturally in agreement with this broad objective. The proposal for the establishment of the International Development Association is at present under study and is likely to be considered at the next annual meeting of the Board of Governors of the International Bank scheduled to be held in Washington from September, 28, 1959, to October 2, 1959.

**श्री रघुनाथ सिंह :** अभी सवाल नम्बर १०४ में इंटरनेशनल एकोनोमिक ग्रोथ कमेटी का जिक्र आया और मौजूदा सवाल में इंटरनेशनल डवेलपमेंट एसोसियेशन का, तो इन दोनों के कामों में क्या फर्क है दोनों का नाम तो एक मालूम पड़ता है ?

**श्री ब० रा० भगत :** पहला कान्फ्रेंस के मुताल्लिक था लेकिन दूसरे में संस्था बनाने जा रहे हैं इसलिये जाहिर है कि दोनों में बहुत फर्क है। कान्फ्रेंस और संस्था अलग अलग चीजें हैं।

**बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन बन्ध पत्रों का खरीदा जाना**

+

*११६. { **श्री खुशवक्त राय :**
**श्री सरजू पाण्डे :**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन बन्ध पत्रों की खरीद के बारे में जांच, जिसका आश्वासन उन्होंने सभा को १७ मार्च, १९५९ को दिया था, पूरी हो गई है , और

(ख) यदि हां, तो क्या उसकी रिपोर्ट सभा पटल पर रखी जायेगी ?

**शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) :** (क) जांच अभी चल रही है।

(ख) इस जांच के परिणामों का विवरण यथा समय सभा-पटल पर रख दिया जायेगा।

**श्री खुशवक्त राय :** क्या मैं जान सकता हूं कि इस जांच के करने या कराने में इतनी देरी क्यों लग रही है ?

**डा० का० ला० श्रीमाली :** देरी तो कोई खास नहीं हो गई है लेकिन इस तरह की जांच में कुछ समय लग ही जाता है ।

**श्री खुशवक्त राय :** क्या मैं जान सकता हूं कि इस जांच पड़ताल में इतनी देरी क्यों लग रही है जबकि सारे कागजात हिन्दू विश्वविद्यालय के कार्यालय में मौजूद हैं ?

**डा० का० ला० श्रीमाली :** मैं ने आपसे निवेदन किया कि आपकी राय है कि इस में देरी लगी लेकिन मेरे ख्याल में इस तरह की जांच पड़ताल में समय लग ही जाता है। जांच पूरी हो जाने के बाद जो कुछ उसका परिणाम होगा वह सभा-पटल पर रख दिया जायगा।

**श्री सरजू पाण्डे :** क्या माननीय मंत्री बतलायेंगे कि इसकी जांच कौन लोग कर रहे हैं ?

**डा० का० ला० श्रीमाली :** डिपार्टमेंटल इन्क्वायरी हो रही है।

**श्री प्र० ना० सिंह :** क्या माननीय मंत्री यह बतलायेंगे कि इस जांच के सिलसिले में इस बात की भी जांच होगी कि जो जमींदारी एबोलिशन के बौंडस रखे गये हैं वह बौंडस किन लोगों के हैं और क्या वह यूनिवरसिटी से सम्बन्धित हैं ?

**डा० का० ला० श्रीमाली :** जी हां, सभी सम्बन्धित प्रश्नों पर जांच की जायेगी।

**श्री वाजपेयी :** क्या यह सच है कि विश्वविद्यालय ने जो बौंडस खरीदे हैं उन में से बहुत से बौंडस विश्वविद्यालय के कोशाध्यक्ष के हैं ?

**डा० का० ला० श्रीमाली :** सभी सम्बन्धित प्रश्नों पर जांच की जायेगी।

**श्री सिंहासन सिंह :** चूंकि यह विश्वविद्यालय का प्रश्न है इसलिये मैं जानना चाहता हूं कि

आपने पिछले सत्र में जो बिल लाने का वायदा किया था वह बिल आप कब तक लाने वाले हैं?

डा० का० ला० श्रीमाली : वह तो विश्वविद्यालय का प्रश्न है और वर्तमान प्रश्न तो बौंडस के सम्बन्ध में है। आप तो दूसरा प्रश्न पूछ रहे हैं।

**Dr. Ram Subhag Singh:** During the last session of Parliament you had kindly given an assurance that they will have the matter examined through some suitable source. May I know whether an investigation has been made into the finances of the Banaras Hindu University particularly regarding the investment in the Zamindari Abolition Bonds, especially when those bonds belonged to the Treasurer of that University, Shri Jyoti Bhushan Gupta, and if so, what is the result of that investigation?

**Dr. K. L. Shrimali:** I have already answered that question.

**Dr. Ram Subhag Singh:** May I know why so much delay is being made in making that investigation, particularly when the students who have been expelled due to reasons which also include this, are not allowed to study in that University?

**Dr. K. L. Shrimali:** I have also answered that question with regard to delay.

श्री ब्रजराज सिंह : क्या सरकार को पता है कि उन बौंडों में कुछ ऐसे बौंडस भी हैं जिनका कि कलकत्ते में कोटेशन दिया गया था और १०० रुपये की बौंड की कीमत का कोटेशन ४२ रुपये ८ आने दिया गया था और युनिवरसिटी ने उनको ४५ रुपये में खरीदा और इस तरह के २ लाख के बौंड खरीदे गये और १ लाख ८० हजार के बौंड ऐसे खरीदे गये थे जिनका कि कोटेशन था ३९-८ रुपये और जिनको ४२ रुपये में खरीदा गया। इस तरह के बहुत से बौंडस हैं जो कि वहां के खजान्ची के हैं तो क्या मैं आशा करूं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करायी जाने की व्यवस्था की जायगी ?

डा० का० ला० श्रीमाली : मैंने आपसे निवेदन कर दिया है कि इस मामले में डिपार्टमेंटल एनक्वायरी हो रही है और जांच होने के बाद अगर इस में किसी के मैलाफाईडस हों या यूनीवरसिटी को नुकसान हुआ हो तो मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि उनको किसी प्रकार का रक्षण सरकार नहीं देगी और जांच होने पर जो भी उस जांच का परिणाम होगा वह सभा पटल पर रख दिया जायेगा ।

**Shri Braj Raj Singh:** Will they give some indication as to when this enquiry is going to be finished?

### Bolani Iron Ore Mines

*120. **Shri Panigrahi:** Will the Minister of **Steel, Mines and Fuel** be pleased to state:

(a) whether the Bolani iron ore mine in Orissa has been developed by now;

(b) what is the total financial investment that the Government of India had made so far in Bolani Ores (P) Limited; and

(c) whether a copy of the agreement of Bolani Ores (P) Ltd., with Orissa Mineral Development Company would be laid on the Table?

**The Minister of Steel, Mines and Fuel (Sardar Swaran Singh):** (a) The work of developing the Bolani ore mines is going on.

(b) Rs. 35,35,000.

(c) Presumably the Honourable Member refers to the agreement between the Government of India and Orissa Minerals Development Company regarding the establishment of M|s Bolani Ores. A copy of the Memorandum of Association of M|s. Bolani Ores together with the Articles of Association of the Company is already available in the Parliament Library.

**Shri Panigrahi:** When the Government holds 50·5 per cent of the shares